>

Title: Need to provide residential facilities to health workers in Primary Health Centres.

श्री मोहन मंडावी (कांकेर): सभापति जी, वैश्विक महामारी कोविड-19 काल के दौरान अनेक कोरोना वारियर्स की भूमिका सराहनीय रही है । …(व्यवधान)

महोदया, स्वास्थ्य विभाग का जमीनी अमला, जिन्होंने पूरी तन्मयता से कोविड प्रभावित लोगों की सेवा करने में कोई कोताही नहीं बरती और तत्परता से रात-दिन अपनी सेवाएं दी, ऐसा जमीनी अमला, जिनकी नियुक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में है, उनके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवास की व्यवस्था नहीं है, जिससे विशेषकर महिला कर्मचारियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।…(व्यवधान)

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र कांकेर, छत्तीसगढ़ के अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवास नहीं हैं । ऐसी स्थिति में कोविड के प्रसार के कारण भयवश ऐसे कर्मचारियों को गांवों में किराए का मकान भी नहीं मिल पाता ।…(व्यवधान)

अत: सदन के माध्यम से मेरा अनुरोध है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जी-टाइप और एच-टाइप आवास निर्माण की अनुमति दिए जाने हेतु निर्देशित करें । …(व्यवधान)